<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 16.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन–2026 में शामिल होने वाले दुनियाभर के प्रतिनिधियों का किया स्वागत, आज शाम सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन।
2. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– देशभर के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा में 80 प्रतिशत तक आयी कमी, 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों के खात्मे का संकल्प दोहराया।
3. स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा– राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों तक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए खोलेगी अबुआ मेडिकल स्टोर।
4. मौसम विभाग ने 17 फरवरी से तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि का जताया अनुमान, इस माह के अंत तक अधिकतम तापमान 30 डिग्री पार होने की संभावना।
5. जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गये इंडियन सुपर लीग मुकाबले में जमशेदपुर एफसी ने मोहम्मडन एससी को एक–शून्य से किया पराजित।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन–2026 का उदघाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स हैंडल में पोस्ट साझा कर सम्मेलन में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों का स्वागत किया है। उन्होंने लिखा है कि भारत के लिए यह गर्व की बात है कि पूरी दुनिया इस आयोजन में भाग लेने भारत पहुंची है। गौरतलब है कि पांच दिन का यह सम्मेलन किसी विकासशील देश में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन है। यह सम्मेलन वैश्विक एआई कार्ययोजना में भारत की भूमिका को मजबूत करेगा।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देशभर के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा में 80 प्रतिशत तक कमी आयी है। दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस समारोह में श्री शाह ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब ये क्षेत्र पूरी तरह से हिंसा मुक्त हो जाएंगे।

****

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी से शुरू हो रहा है। सत्र 19 मार्च तक चलेगा। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर 24 फरवरी को वित्त वर्ष 2026–2027 का बजट पेश करेंगे। बजट को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अपनी–अपनी रणनीति बनानी शुरू दी है।

****

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रथम चरण में 745 "अबुआ मेडिकल स्टोर" खोलने की योजना तैयार की है। इससे दूर–दराज सहित आम जनता को सस्ती और सुलभ दवाइयाँ उपलब्ध होंगी। इस पहल से गरीब, आदिवासी और मूलवासी समुदाय को विशेष लाभ मिलेगा। इन केंद्रों पर दवाइयों की उपलब्धता के साथ उनके उपयोग और संभावित दुष्प्रभावों की जानकारी भी दी जाएगी।

****

इधर, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अस्पतालों की बदहाल स्थिति, वेंटिलेटर और दवाइयों की कमी तथा जर्जर सड़क को लेकर राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के पैतृक गांव नेमरा की स्थिति भी दयनीय है और खराब एम्बुलेंस व्यवस्था के कारण ग्रामीणों को खाट का सहारा लेना पड़ रहा है।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि शांतिपूर्ण जीवन जीना बुजुर्गों को अधिकार है। बेटा–बहू की ओर से प्रताड़ित किये जाने पर माता–पिता के अर्जित मकान और संपत्ति में वे दखल नहीं कर सकते। हाईकोर्ट ने रामगढ़ के एक बुजुर्ग दंपत्ति की याचिका पर सुनवाई के दौरान ये फैसला दिया। अदालत ने यह भी कहा कि बेटा–बहू का अधिकार सिर्फ उत्तराधिकार पर आधारित होगा, तत्काल स्वामित्व का नहीं।

****

कोडरमा जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। तेइस फरवरी को होने वाले मतदान से पहले सभी प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने में जुट गए हैं।

****

गिरिडीह जिला प्रशासन शांतिपूर्ण, भयरहित और निष्पक्ष रूप से निकाय चुनाव कराने के लिए तैयार है। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी तेज कुमार हेस्सा ने बताया कि निगम क्षेत्र के सभी वार्डों को संवेदनशील और अति संवेदनशील समूह में रखा गया है।

****

राजस्व पर्षद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति राज्य में चिटफंड और नन बैंकिंग कंपनियों की संपत्ति जब्त करने के लिए नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति करेगी। ये पदाधिकारी प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में नियुक्त किये जायेंगे।

****

झारखंड शिक्षा परियोजना ने सत्र 2026–2027 के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा छह से ग्यारहवीं तक नामांकन के लिए सीटों की घोषणा कर दी है। शिक्षा परियोजना ने स्कूलों को व्यापक स्तर पर नामांकन के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया है। नामांकन लेने के लिए ई–विद्यावाहिनी पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। परीक्षा 10 मार्च को होगी।

****

शेयर बाजार में आज शुरूआत से ही बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स करीब 288 अंकों की बढ़त के साथ अभी 82 हजार 915 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी 90 अंकों की बढ़त के साथ 25 हजार 561 पर कारोबार कर रहा है।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 46 हजार 600 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 64 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

मौसम विभाग ने 17 फरवरी से तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार अब न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना नहीं है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस माह के अंत तक अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

****

जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गये इंडियन सुपर लीग में जमशेदपुर एफसी ने मोहम्मडन एससी को एक–शून्य से हरा दिया। अब जमशेदपुर एफसी 21 फरवरी को पंजाब एफसी से भिड़ेगी।

****